जब से किया है तेरा दीदार

तर्ज - जिसका मुझे था इंतज़ार.

जब से किया है, तेरा दीदार,
ओ मेरे खाटु, के सरकार,
मै तेरा हो गया, हो गया,
दर पे तेरे मेरा दिल खो गया

जब से तुमको अपना माना,
दर का जब से बना दीवाना,
कहते थे जो मुझको पागल,
लगने लगा हुं उनको सयाना,
ओओओओ
किरपा की ऐसी नजर मुझपे कर दे,
तेरा ही बन के रहुं ऐसा मुझे वर दे,
मै तेरा हो गया....

हर मुश्किल मे तुझको पुकारा,
तु ही है हारे का सहारा,
दुनिया मे अब किसको ढुंढु,
कण-कण मे है वास तुम्हारा,
ओओओओ
खाटुवाले के दर जो हार कर के आया है,
संकट मे साथ केवल श्याम ने निभाया है,
मै तेरा हो गया ....

तेरा मेरा प्रेम पुराना,
तेरे दर पे क्या शरमाना,
अपने दिल की बात बताऊं,
दर पे देते रहना ठिकाना,
ओओओओ
'बिट्टु' ने झोली तेरे दर पे फैलायी है,
इज़्ज़त और दौलत भी तुझसे ही पायी है,
मै तेरा हो गया.....

SINGER - KUMAR SURJEET
LYRICS - SUNIL DHANANIA "BITTOO"
CALL US 9830135000

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20882/title/jab-se-kiya-hai-tera-deedar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |